# कार्यालय जिला कलक्टर (रसद) बांसवाडा (राज.)

क्रमांक एफ 32( )/रसद/प्राधिकार/2022/609-22 दिनांकः– 22/12/2022

## विज्ञप्ति

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, राजस्थान जयपुर द्वारा उचित मूल्य दुकानों के आवंटन हेतु जारी दिशा–निर्देश दिनांक 17.03.2016 एवं उचित मूल्य दुकानों की नियुक्ति में आरक्षण व्यवस्था लागू करने संबंधी पत्र दिनांक 25.11.2020 की पालना में बाँसवाड़ा जिले की 102 रिक्त उचित मूल्य दुकानों का आवंटन करने के लिए पात्र आवेदको से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।

**योग्यताः–**

1. शहरी क्षेत्र की उचित मूल्य की दुकान हेतु आवेदक उसी वार्ड का निवासी होना चाहिए, जिस वार्ड के उपभोक्ताओं को राशन सामग्री वितरण करनी है अर्थात उस उचित मूल्य दुकान की अधिकारिता क्षेत्र में स्थित वार्डस मे से किसी एक वार्ड का निवासी होना चाहिए।

   ग्रामीण क्षेत्र की उचित मूल्य की दुकान के मामलों में आवेदक उसी पंचायत के किसी भी ग्राम या वार्ड का निवासी होना आवश्यक है, जिस पंचायत में उचित मूल्य की दुकान स्थित है। एक से अधिक योग्य आवेदन पत्रों के प्राप्त होने की स्थिति में वरीयता उसी वार्ड के निवासी को दी जाएगी जिसमें उचित मूल्य की दुकान स्थित है।

   उचित मूल्य दुकान हेतु सभी श्रेणी के आवेदको की आयु 21 से 45 वर्ष होनी चाहिए अर्थात उचित मूल्य के आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को आवेदक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
2. आवेदक की शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं कम्प्यूटर में Rajasthan Knowledge Corporation Limited (RKCL) या अन्य समकक्ष सरकारी संस्थान का तीन माह का आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त होना चाहिए। यदि उचित मूल्य की दुकानो के आवेदको में कोई भी आवेदक स्नातक स्तर की शैक्षणिक योग्यता नहीं रखता है, तो ऐसी स्थिति में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण आवेदको के प्रार्थना–पत्रों को भी आवंटन हेतु स्वीकार किया जा सकेगा। यदि आवेदक कम्प्यूटर में प्रशिक्षण प्राप्त नहीं हो तो आवेदन के साथ आवेदक से यह घोषणा भी ली जावेगी कि वह चयनित होने के 08 माह की अवधि में ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त कर लेगा वह ऐसे चयनित व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्राप्ति के बाद ही प्राधिकार–पत्र दिया जावेगा।
3. आवेदक को अन्नपूर्णा भण्डार हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड पूर्ण करने होगे। यदि आवेदक पहले से ही अन्नपूर्णा भण्डार के मापदण्डों को पूर्ण करता है, तो उसकी पुष्टि मे दुकान का नक्शा–स्वामित्व–किरायानामा आदि से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। जो आवेदक आवेदन के समय अन्नपूर्णा भण्डार के मापदण्डो को पूर्ण नहीं करते है उन्हे 06 माह में मापदण्ड पूर्ण किए जाने का घोषणा–पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि घोषणा–पत्र के अनुसार प्राधिकृत होने पर मापदण्ड पूर्ण नहीं किए जाते है, तो प्राधिकार–पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
4. उचित मूल्य दुकान हेतु आवेदन करने वाले पुरूष/महिला के दिनांक 01.01.2015 के बाद पैदा हुई संतान सहित 02 से अधिक संतान नहीं होनी चाहिए। निर्धारित तिथि के पश्चात 02 से अधिक संतान होने की स्थिति में कोई भी व्यक्ति आवेदन का पात्र नहीं

होगा। उचित मूल्य दुकान आवंटन होने के पश्चात भी यदि किसी उचित मूल्य दुकानदार के तीसरी संतान होती है तो ऐसे उचित मूल्य दुकानदार का प्राधिकार–पत्र निरस्तनीय होगा, परन्तु किसी आवेदक के दिनांक 31.12.2014 को एक ही संतान है तथा पश्वातवर्ती किसी एकल प्रसव से एक से अधिक संताने पैदा हो जाती है, तो संतानो की गणना करते समय इस प्रकार एक प्रसव से पैदा हुई संतानो को एक इकाई ही समझा जावेगा।

5. राज्य सरकार द्वारा टीएसपी क्षेत्र हेतु 45 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जनजाति, 05 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति एवं 50 प्रतिशत स्थान अनारक्षित रखे जाने का प्रावधान रखा गया है। साथ ही सभी श्रेणियों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत स्थान आरक्षित रखे गए है। आरक्षित उचित मूल्य दुकानों के लिए संबंधित श्रेणी का आवेदक ही आवेदन हेतु पात्र होगा।
6. एक ग्राम सेवा सहकारी समिति/लेम्पस/दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति को एक उचित मूल्य की दुकान के लिए ही प्राधिकार पत्र जारी किया जा सकेगा। जिन ग्राम सेवा सहकारी समितियों/लेम्पस/दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों द्वारा पूर्व में उचित मूल्य दुकान के लिए प्राधिकार पत्र प्राप्त किया है, वे आवेदन हेतु पात्र नहीं होगा।

<u>आवेदन का तरीका</u> :–

1. आवेदन पत्र दिनांक 23.12.2022 से 20.01.2023 तक कार्यालय समय में जिला रसद कार्यालय बाँसवाड़ा से प्राप्त किए जा सकेगे एवं भरे हुए आवेदन पत्र दिनांक 23.01.2023 को सांय 06:00 बजे तक जिला रसद कार्यालय में प्रस्तुत किए जा सकेगे।
2. आवेदन पत्र का मूल्य 100 रूपये निर्धारित किया गया है, जो भारतीय पोस्टल ऑर्डर (IPO) के द्वारा जमा करवाया जा सकेगा। किसी अन्य स्थान यथा टाइपिस्ट, नोटरी, बुक स्टॉल से प्राप्त किए गए आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जावेंगे।

**आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज :–**

1. शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति।
2. आरकेसीएल (आरएस–सीआईटी) कम्प्यूटर प्रशिक्षण का प्रमाण–पत्र। उक्त प्रमाण पत्र नहीं होने की स्थिति में शपथ पत्र संलग्न करना होगा जिसमें यह उल्लेख होगा कि दुकान आवंटन होने के 08 माह के भीतर आरकेसीएल (आरएस–सीआईटी) का 03 माह का आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाण–पत्र प्रस्तुत कर दिया जाएगा।
3. आवेदक सहकारी समिति/महिला स्वयं सहायता समूह/ग्राम पंचायत होने की स्थिति में उसके प्रबंधक/सचिव की शैक्षणिक योग्यता/कम्प्यूटर दक्षता संबंधी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने होंगे।
4. आवेदक सहकारी समिति/महिला स्वयं सहायता समूह/ग्राम पंचायत होने की स्थिति में संबंधित बोर्ड की अभिशंषा का पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. निजी आवेदको के लिए 01 लाख रूपये का हैसियत प्रमाण–पत्र जो संबंधित तहसीलदार द्वारा जारी किया जाएगा।
6. महिला स्वयं सहायता समूह के लिए कार्यक्रम अधिकारी महिला अधिकारिता की अभिशंषा सहित समूह की वित्तीय हैसियत न्यूनतम 25 हजार रूपये होने संबंधी प्रमाण–पत्र की प्रति।
7. प्रस्तावित दुकान का नक्शा (ब्लू प्रिन्ट) दो प्रतियों मे।
8. निर्धारित प्रारूप में एक शपथ पत्र।
9. मूल निवास प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति।

10. जाति प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति।
11. आधार कार्ड की प्रमाणित प्रति।
12. राशनकार्ड की प्रमाणित प्रति।
13. मतदाता परिचय पत्र की प्रमाणित प्रति।
14. पासपोट साईज के 03 नवीनतम फॉटो, जिनमें एक आवेदन पत्र पर चस्पा किया जावेगा एवं दो संलग्न किये जावेंगे।

**चयन प्रक्रिया एवं प्राथमिकता :–**

आरक्षित स्थानो के लिए संबंधित श्रेणी का आवेदक ही पात्र होगा। अनारक्षित (सामान्य) स्थानों में चयन करने में प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार होगाः–

**प्रथम वरीयता :–**

1. ग्राम सेवा सहकारी समिति/लेम्पस/दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति जो कि सहकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत है।
2. महिला स्वयं सहायता समूह जो राज्य सरकार के महिला अधिकारिता विभाग से चयनित अथवा मान्यता प्राप्त है। आवेदक महिला स्वयं सहायता समूह को 03 वर्ष का कार्यानुभव हो।
3. ग्राम पंचायत/निगमित निकाय।

**द्वितीय वरीयता :–**

1. बेरोजगार – (i) निःशक्त जन
   (ii) महिलाए –
   (क) शहीद की विधवा (ख) विधवा (ग) परित्यक्ता
2 भूतपूर्व सैनिक
3 अन्य पात्र बेरोजगार

**नोटः–** आरक्षित श्रेणी की उचित मूल्य की दुकानो के लिए चयन का आधार द्वितीय वरीयता के अनुसार रहेगा। यदि किसी उचित मूल्य की दुकान के लिए एक ही आवेदन प्राप्त होता है तो उसे प्राधिकार–पत्र जारी किया जा सकेगा। 2 या 2 से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर आवंटन हेतु निर्धारित प्रक्रिया अपनायी जावेगी।

रिक्त उचित मूल्य दुकानों का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र. स. | तहसील | उचित मूल्य दुकान का नाम | ग्राम पंचायत/ वार्ड | एफपीएस कोड | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | घाटोल | बडाना प्रथम | बड़ाना | 5900 | सामान्य |
| 2 | | बड़ाना भाग–द्वितीय | बड़ाना | 5901 | अनुसूचित जनजाति (महिला) |
| 3 | | बामनपाडा प्रथम | बामनपाड़ा | 5905 | सामान्य |
| 4 | | कंठाव भाग–प्रथम | कंठाव | 5951 | अनुसूचित जनजाति |
| 5 | | पडौली राठौड – द्वितीय | पडौली राठौड | 5970 | अनुसूचित जनजाति (महिला) |
| 6 | | छोटी पडाल प्रथम | छोटी पडाल | 5966 | अनुसूचित जनजाति |
| 7 | | गोरछा भाग–प्रथम | गोरछा | 5946 | सामान्य |
| 8 | | देलवाड़ा भाग–प्रथम | देलवाडा लोकिया | 5936 | अनुसूचित जनजाति |
| 9 | | पाडला भाग–प्रथम | पाडला | 5967 | सामान्य (महिला) |
| 10 | | घाटोल भाग--प्रथम | घाटोल | 12844 | सामान्य |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | | घाटोल भाग–द्वितीय | घाटोल | 12846 | अनुसूचित जनजाति |
| 12 | | चडला भाग–द्वितीय | चडला | 5928 | सामान्य (महिला) |
| 13 | | देवदा भाग–प्रथम | देवदा | 5937 | सामान्य |
| 14 | | कानड़ा | कानडा | 5940 | अनुसूचित जनजाति |
| 15 | | नरोतो की गोज | नरोतो की गोज | 12859 | सामान्य |
| 16 | बागीदौरा | बागीदौरा भाग–चतुर्थ | बागीदौरा | 11963 | अनुसूचित जनजाति |
| 17 | | पिण्डारमा भाग–प्रथम | पिण्डारमा | 6332 | अनुसूचित जनजाति |
| 18 | | पाटन भाग–द्वितीय | पाटन | 11548 | सामान्य |
| 19 | | बालावाडा | बालावाडा | 11964 | अनुसूचित जनजाति |
| 20 | गांगडतलाई | ढालर भाग–द्वितीय | ढालर | 6288 | सामान्य |
| 21 | | खुंटागलिया भाग–द्वितीय बी | खुंटागलिया | 6314 | सामान्य |
| 22 | | खुंटीनारजी | खुंटीनारजी | 6317 | सामान्य |
| 23 | | डागल | डागल | 11990 | अनुसूचित जनजाति |
| 24 | | रोहनिया भाग–द्वितीय | रोहनिया | 6341 | सामान्य |
| 25 | | हाण्डी भाग–तृतीय | हाण्डी | 6320 | अनुसूचति जनजाति (महिला) |
| 26 | | चरकनी | चरकनी | 6339 | अनुसूचित जनजाति |
| 27 | | रोहनवाडी भाग–द्वितीय | रोहनवाडी | 6342 | सामान्य |
| 28 | | गणेशपुरा | गणेशपुरा | 11994 | सामान्य |
| 29 | आनन्दपुरी | कडदा भाग–द्वितीय | कडदा | 12775 | अनुसूचित जनजाति |
| 30 | | छाजा भाग–प्रथम | छाजा | 6234 | सामान्य |
| 31 | | भलेर भोदर भाग–प्रथम | भलेर भोदर | 6233 | सामान्य |
| 32 | | आमलिया आम्बादरा भाग–प्रथम | आमलिया आम्बादरा | 12766 | सामान्य |
| 33 | | मडकोला मोगजी भाग–प्रथम | मडकोला मोगजी | 6246 | अनुसूचित जनजाति |
| 34 | | छाजा भाग–द्वितीय | छाजा | 6235 | सामान्य |
| 35 | | उदयपुरा बडा भाग–प्रथम | उदयपुरा बडा | 6271 | अनुसूचित जनजाति |
| 36 | | पाटिया गलिया भाग–प्रथम | पाटिया गलिया | 6259 | सामान्य |
| 37 | | तेजपुरा भाग–प्रथम | तेजपुरा | 6261 | अनुसूचित जनजाति |
| 38 | कुशलगढ़ | बडवास छोटी भाग–प्रथम | बड़वास छोटी | 6420 | अनुसूचित जनजाति (महिला) |
| 39 | | भंवरदा | भंवरदा | 6455 | सामान्य (महिला) |
| 40 | | महुडा | महुडा | 6452 | अनुसूचित जनजाति |
| 41 | | चरकनी भाग–द्वितीय | चरकनी | 12783 | सामान्य |
| 42 | | बड़ी सरवा भाग–प्रथम | बड़ी सरवा | 6415 | सामान्य |
| 43 | | बड़वास बड़ी भाग–प्रथम | बड़वास बड़ी | 6419 | सामान्य |
| 44 | | बावलिया पाडा भाग–प्रथम | बावलिया पाडा | 6424 | सामान्य |
| 45 | | कलिंजरा भाग–प्रथम | कलिंजरा | 6436 | सामान्य |
| 46 | न. पा. कुशलगढ़ | न. पा. कुशलगढ़ वार्ड 1, 3 | 1, 3 | 17821 | सामान्य |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 47 | सज्जनगढ़ | पाली बडी भाग प्रथम | पाली बड़ी | 6395 | अनुसूचित जनजाति |
| 48 | | गोडा | गोडा | 6380 | अनुसूचित जनजाति (महिला) |
| 49 | | मगरदा डामरा साथ भाग–प्रथम | मगरदा डामरा साथ | 6386 | अनुसूचित जनजाति |
| 50 | | सातसेरा भाग–प्रथम | सातसेरा | 6404 | अनुसूचित जनजाति |
| 51 | | पाली छोटी | पाली छोटी | 6387 | अनुसूचित जाति |
| 52 | | सागवा भाग–प्रथम | सागवा | 6400 | सामान्य |
| 53 | | जालिमपुरा भाग–प्रथम | जालिमपुरा | 12013 | सामान्य (महिला) |
| 54 | | बिलडी भाग–द्वितीय | बिलडी | 6363 | अनुसूचित जनजाति (महिला) |
| 55 | | टाण्डा रतना भाग–द्वितीय | टाण्डा रतना | 6411 | अनुसूचित जनजाति |
| 56 | बाँसवाड़ा | कुण्डला भाग द्वितीय | कुण्डला | 11248 | अनुसूचित जनजाति |
| 57 | | खेरडावरा भाग प्रथम | खेरडाबरा | 6174 | अनुसूचित जनजाति (महिला) |
| 58 | नगर परिषद बाँसवाड़ा | न. प. बाँसवाड़ा वार्ड 11, 12 | 11, 12 | 17831 | सामान्य |
| 59 | | न. प. बाँसवाड़ा वार्ड 13, 14 | 13, 14 | 17836 | सामान्य |
| 60 | | न. प. बाँसवाड़ा वार्ड 29 | 29 | 17857 | अनुसूचित जनजाति |
| 61 | | न. प. बाँसवाड़ा वार्ड 33 | 33 | 17860 | अनुसूचित जनजाति |
| 62 | | न. प. बाँसवाड़ा वार्ड 39 | 39 | 17861 | सामान्य |
| 63 | | न. प. बाँसवाड़ा वार्ड 44, 45 | 44, 45 | 17881 | अनुसूचित जनजाति (महिला) |
| 64 | | न. प. बाँसवाड़ा वार्ड 46, 47 | 46, 47 | 17884 | सामान्य (महिला) |
| 65 | | न. प. बाँसवाड़ा वार्ड 48 | 48 | 17888 | सामान्य (महिला) |
| 66 | | न. प. बाँसवाड़ा वार्ड 53, 54 | 53, 54 | 17906 | सामान्य (महिला) |
| 67 | आवापुरा | नवाखेडा | नवाखेड़ा | 6224 | अनुसूचित जनजाति |
| 68 | | आवापुरा भाग प्रथम | आवापुरा | 6131 | सामान्य |
| 69 | | बोरखावर भाग द्वितीय | बोरखावर | 6140 | अनुसूचित जनजाति (महिला) |
| 70 | | देवगढ़ भाग प्रथम | देवगढ़ | 12244 | अनुसूचित जनजाति (महिला) |
| 71 | | नल्दा भाग प्रथम | नल्दा | 6194 | सामान्य |
| 72 | छोटी सरवन | छायनवडी प्रथम | छायनवड़ी | 5985 | अनुसूचित जनजाति (महिला) |
| 73 | | डेरी | डेरी | 6009 | सामान्य |
| 74 | | खजूरी भाग प्रथम | खजूरी | 6005 | सामान्य |
| 75 | | मकनपुरा भाग द्वितीय | मकनपुरा | 5999 | अनुसूचित जाति |
| 76 | | कुण्डल | कुण्डल | 11529 | अनुसूचित जाति (महिला) |
| 77 | | वारी | वारी | 9132 | सामान्य |
| 78 | | जहांपुरा भाग–प्रथम | जहांपुरा | 5998 | अनारक्षित (महिला) |
| 79 | | दनाक्षरी भाग–प्रथम | दनाक्षरी | 5987 | अनुसूचित जनजाति |
| 80 | गनोडा | अमरसिंह का गढ़ा | अमरसिंह का गढ़ा | 27070 | सामान्य |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भाग–द्वितीय | | | |
| 81 | | भुवासा भाग–द्वितीय | भुवासा | 12858 | सामान्य |
| 82 | | दुकवाड़ा | दुकवाड़ा | 12864 | सामान्य |
| 83 | | मोटा टाण्डा भाग–प्रथम | मोटा टाण्डा | 5958 | अनुसूचित जाति |
| 84 | | सोनामगरी | सोनामगरी | 12866 | सामान्य (महिला) |
| 85 | | बडलिया भाग–द्वितीय | बडलिया | 5903 | अनुसूचित जनजाति (महिला) |
| 86 | | बस्सी आडा भाग–प्रथम | बस्सी आड़ा | 5913 | सामान्य (महिला) |
| 87 | गढ़ी | मोर भाग–द्वितीय | मोर | 6043 | सामान्य |
| 88 | | लोहारिया भाग–द्वितीय | लोहारिया | 6072 | अनुसूचित जनजाति |
| 89 | | मादलदा भाग–प्रथम | मादलदा | 12725 | अनुसूचित जनजाति |
| 90 | | डडूका भाग–प्रथम | डडूका | 6045 | सामान्य (महिला) |
| 91 | | सरेड़ी बड़ी भाग–द्वितीय | सरेडी बड़ी | 6113 | सामान्य (महिला) |
| 92 | | वजवाना सम्पूर्ण | वजवाना | 6127 | अनुसूचित जनजाति |
| 93 | | नवागांव | नवागांव | 6109 | अनुसूचित जनजाति |
| 94 | | न. पा. परतापुर वार्ड न. 9, 23, 24, 25 | वार्ड न. 9, 23, 24, 25 | 6064 | अनुसूचित जनजाति |
| 95 | | न. पा. परतापुर वार्ड न. 14, 19 | वार्ड न. 14, 19 | 12652 | सामान्य (महिला) |
| 96 | | न. पा. परतापुर वार्ड न. 20, 21 | वार्ड न. 20, 21 | 12664 | सामान्य |
| 97 | अरथूना | टिमुरवा भाग–तृतीय | टिमुरवा | 6124 | अनुसूचित जनजाति |
| 98 | | ओडवाडा भाग–द्वितीय | ओडवाड़ा | 6090 | सामान्य |
| 99 | | मलाना भाग–द्वितीय | मलाना | 6075 | सामान्य (महिला) |
| 100 | | झड़स भाग–द्वितीय | झड़स | 6055 | अनुसूचित जाति |
| 101 | | इटाउवा भाग–द्वितीय | इटाउवा | 6052 | अनुसूचित जनजाति |
| 102 | | बिलोदा भाग–द्वितीय | बिलोदा | 12668 | सामान्य |

उपरोक्त रिक्तियों के संबंध में विभागीय पत्र क्रमांक एफ 17 (1)खा.वि/विधि/08 जयपुर दिनांक 17.03.2016 द्वारा जारी उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के दिशा–निर्देश एवं उचित मूल्य दुकानों की नियुक्ति में आरक्षण व्यवस्था लागू करने संबंधी पत्र दिनांक 25.11.2020 में वर्णित चयन प्रक्रिया अनुसार कार्यवाही की जानी है। दिनांक 17.03.2016 के दिशा–निर्देश, दिनांक 25.11.2020 के पत्र तथा रिक्त उचित मूल्य दुकानों के संबंध में विस्तृत जानकारी जिला रसद कार्यालय बांसवाडा और विभागीय वेबसाईट www.food.rajasthan.gov.in एवं जिले की वेबसाईट www.banswara.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

जिला कलक्टर (रसद)
बांसवाड़ा

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान अतिरिक्त खाद्य आयुक्त महोदय, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, राजस्थान जयपुर।
2. श्रीमान संभागीय आयुक्त महोदय, उदयपुर।
3. एसीपी महोदय, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग राजस्थान जयपुर को विभागीय वेवसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु।
4. उपखण्ड अधिकारी महोदय, बांसवाडा / घाटोल / छोटीसरवन / कुशलगढ / सज्जनगढ / वागीदौरा / आनन्दपुरी / गढी।
5. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी बांसवाडा को प्रमुख समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
6. सहायक निदेशक, सूचना प्रोद्योगिकी एवं संचार विभाग बांसवाडा को जिले के वेव पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

जिला रसद अधिकारी
बांसवाडा